राजस्थान पत्रिका प्रकाशन

चित्रकथा विशेषांक

वर्ष- 28 अंक- 21 15-31 मई, 2014 पृष्ठ- 68

# कमाल का कंघा

अरे! इस तरह ऑफिस आता है कोई...? कम से कम बाल तो बनाकर आते।

सर, मेरे पास कंघा नहीं है।
कल तो तुम्हारे पास एक कंघा था।
था सर...। लेकिन गलती से कंघे का दांत निकल गया।

J.B.C.

तो क्या हुआ। एक दांत निकल गया तो कंघे में तो बहुत सारे दांत होते हैं।

पर, मेरे कंघे में तो एक ही दांत था....सर...।

वर्ष- 28 अंक-21

मई (द्वितीय) 2014, जयपुर

## चित्रकथाएं



## विविध



## कहानी



## प्रतियोगिताएं



संपादकीय सम्पर्क

**बालहंस (पाक्षिक)**
राजस्थान पत्रिका प्रकाशन,
5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र,
जयपुर (राजस्थान) पिन-302 004
दूरभाष: 0141-3005857
e-mail: balhans@epatrika.com

संपादक
आनन्द प्रकाश जोशी

उप संपादक
मनीष कुमार चौधरी

संपादकीय सहयोग
किशन शर्मा

चित्रांकन
प्रतिमा सिंह

पृष्ठ सज्जा: शेरसिंह

फोटो एडिटिंग: संदीप शर्मा

ग्राहक शुल्क

कृपया ग्राहक शुल्क (सब्सक्रिप्शन) की राशि बैंक ड्राफ्ट या मनीऑर्डर से **बालहंस, जयपुर** के नाम भिजवाएं।
वार्षिक- 240/-रुपए
अर्द्धवार्षिक- 120/-रुपए

सब्सक्रिप्शन एवं वितरण संबंधी जानकारी के लिए 0141-3005825 पर संपर्क करें।

चित्रकथा विशेषांक

## संपादकीय

**दोस्तो,**

चित्रकथाओं का अपना स्वप्निल संसार होता है। ये आपको ऐसी काल्पनिक दुनिया में ले जाती हैं, जहां चित्र कहानी को बयान करते हैं। कॉमिक्स का मूल तत्त्व इनकी रोचकता है। अपने मनपसंद कैरेक्टर के कारनामे पढ़ते-पढ़ते वक्त कब निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। हालांकि बदलते जमाने के साथ आज कॉमिक्स का स्वरूप भी बदल गया है और कॉमिक कैरेक्टर्स किताबों से निकलकर बड़े और छोटे पर्दे पर भी आ गए हैं। पर इस क्षेत्र में प्रयोग भी खूब हो रहे हैं। चूंकि बच्चे इनके पात्रों के साथ जल्दी जुड़ जाते हैं, तो हिस्ट्री-माइथोलॉजी से जोड़ने के साथ-साथ कॉमिक्स की थीम को सोशल प्रॉब्लम्स-सॉल्यूशंस से भी जोड़ा जा रहा है। यह सही है कि कॉमिक पढ़ने की आदत पहले जैसी नहीं रही। एंटरटेनमेंट के कई दूसरे माध्यम आ जाने से बच्चों में कॉमिक्स पढ़ने का उतना क्रेज नहीं रहा, जो एक समय रहा करता था। फ्लैश गार्डन, मेंड्रेक, लोथार, फेंटम जैसे विदेशी पात्र और चाचा चौधरी, साबू जैसे देसी पात्र आज तक बच्चे क्या बड़ों की जुबान पर हैं। चित्रकथाओं की महत्ता और बच्चों की उनमें रुचि को देखते हुए हम अक्सर चित्रकथाओं का प्रकाशन करते रहते हैं। इस बार हम चित्रकथा विशेषांक लेकर आये हैं, आपकी गर्मी की छुट्टियों का मजा दुगुना करने के लिये।

**तुम्हारा बालहंस**

# उड़ा तो बिगड़ा

राजा पीपलेश अपने मंत्री के साथ शाही बाग में घूम रहे थे।
अरे! वाह!

बगुला मेरा ध्यान बार-बार अपनी ओर खींच रहा है।
हां, महाराज!

महाराज, मैं इसे अभी पकड़ कर, पकवाता हूं।
मंत्रीजी! मेरा यह मतलब नहीं है।

मेरी इच्छा है कि मैं भी उसकी तरह आकाश में ऊंचा उड़ूं।
महाराज, सावधानी से...!

मंत्रीजी! मैं भी उसकी तरह ही उड़ना चाहता हूं। इसकी तुरंत व्यवस्था करो।
मंत्री ने तुरंत ही प्रधान मूर्तिकार को बुलाया।
मूर्तिकारजी, हमारे राजा की उड़ने की इच्छा है।
क्या...! यह तो बहुत ही खतरनाक इच्छा है।
मैं कुछ नहीं जानता। तुम या तो उड़ने वाला घोड़ा बनाओ या फिर अपना सिर कटवाने के लिए तैयार रहो।
ठीक है, मैं प्रयास करता हूं...
मूर्तिकार ने घोड़ा बनाना शुरू किया।
ये लो, घोड़े के पंख भी लगा दिये। अब घोड़ा उड़ने के लिए तैयार है...
वाह! बहुत बढ़िया!!

राजा उछलकर घोड़े पर बैठ गया।

अब क्या करूं...?

महाराज! घोड़े का दाहिना कान खींचो, इसके बाद घोड़ा उड़ने लगेगा। लेकिन...

हा...हा...अब उड़ रहा है...लेकिन...

हूश्श्श...

J.B.C.

लेकिन...मैं घोड़े के बायें कान में नीचे उतारने के लिए चाबी लगाना भूल गया।

क्या...!? तुमने धोखा किया!! तुम क्रूर हो...!! अरे...नहीं...बचाओ...

*सीख– जो संभव न हो, उसके पीछे भागने से अंततः पछताना पड़ता है।*

(समाप्त)

सुंदर सागर के कुछ वालरस गेंद से खेलने में मशगूल थे।

...पास ही छिपा मगरमच्छ मन ही मन उन पर हमले की योजना बना रहा था।

मगरमच्छ फुर्ती से उनकी ओर लपका। मगरमच्छ की शक्ति और फुर्ती के आगे बेचारे वालरस बेबस नजर आ रहे थे।

वालरसों को डरकर भागते हुए पास तैरता ओक्टो भी देख रहा था।

ओक्टो ने साहस दिखलाते हुए खतरनाक मगरमच्छ को ललकारा। गुस्से से मगरमच्छ ओक्टो की ओर लपका।

जैसे ही मगरमच्छ ओक्टो के पास आया, ओक्टो ने सागर में तैरते लकड़ी के टुकड़े को उसके जबड़े में फंसा दिया।

दुष्ट मगरमच्छ ने ओक्टो के साहस के आगे हार मान ली और दर्द से कराहते हुए वहां से दुम दबाकर भागा।

*सीख– धैर्य, साहस और युक्ति से बड़ी से बड़ी समस्या पर भी विजय पायी जा सकती है।*

(समाप्त)

# ढोंगी सियार

कहानी

**मिथिला** के जंगल में बहुत समय पहले एक सियार रहता था। वह बहुत आलसी था। पेट भरने के लिए खरगोशों व चूहों का पीछा करना व उनका शिकार करना उसे बड़ा भारी लगता था। शिकार करने में परिश्रम तो करना ही पड़ता है। दिमाग उसका शैतानी था। यही तिकड़म लगाता रहता कि कैसे ऐसी जुगत लड़ाई जाए जिससे बिना हाथ-पैर हिलाए भोजन मिलता रहे। बस, खाया और सो गए।

एक दिन उसी सोच में डूबा वह सियार एक झाड़ी में दुबका बैठा था। बाहर चूहों की टोली उछल-कूद व भाग-दौड़ करने में लगी थी। उनमें एक मोटा-सा चूहा था, जिसे दूसरे चूहे 'सरदार' कहकर बुला रहे थे और उसका आदेश मान रहे थे। सियार उन्हें देखता रहा। उसके मुंह से लार टपकती रही। फिर उसके दिमाग में एक तरकीब आई। जब चूहे वहां से गए तो उसने दबे पांव उनका पीछा किया। कुछ ही दूर उन चूहों के बिल थे। सियार वापस लौटा।

दूसरे दिन प्रात: ही वह उन चूहों के बिल के पास जाकर एक टांग पर खड़ा हो गया। उसका मुंह उगते सूरज की ओर था। आंखें बंद थीं। चूहे बिलों से निकले तो सियार को उस अनोखी मुद्रा में खड़े देखकर वे बहुत चकित हुए। एक चूहे ने सियार के जरा निकट जाकर पूछा, 'सियार मामा, तुम इस प्रकार एक टांग पर क्यों खड़े हो?'

सियार एक आंख खोलकर बोला, 'मूर्ख, तूने मेरे बारे में नहीं सुना कभी? मैं चारों टांगें नीचे टिका दूंगा तो धरती मेरा बोझ नहीं संभाल पाएगी। यह डोल जाएगी। साथ ही तुम सब नष्ट हो जाओगे। तुम्हारे ही कल्याण के लिए मुझे एक टांग पर खड़े रहना पड़ता है।' चूहों में खुसर-फुसर हुई। वे सियार के निकट आकर खड़े हो गए।

चूहों के सरदार ने कहा, 'हे महान सियार, हमें अपने बारे में कुछ बताइए।' सियार ने ढोंग रचा, 'मैंने सैंकड़ों वर्ष हिमालय पर्वत पर एक टांग पर खड़े होकर तपस्या की। मेरी तपस्या समाप्त होने पर सभी देवताओं ने मुझ पर फूलों की वर्षा की। भगवान ने प्रकट होकर कहा कि मेरे तप से मेरा भार इतना हो गया हैं कि मैं चारों पैर धरती पर रखूं तो धरती गिरती हुई ब्रह्मांड को तोड़कर दूसरी ओर निकल जाएगी। धरती मेरी कृपा पर ही टिकी रहेगी। तब से मैं एक टांग पर ही खड़ा हूं। मैं नहीं चाहता कि मेरे कारण दूसरे जीवों को कष्ट हो।' सारे चूहों का समूह महा-तपस्वी सियार के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया।

एक चूहे ने पूछा, 'तपस्वी मामा, आपने अपना मुंह सूरज की ओर क्यों कर रखा है?' सियार ने उत्तर दिया, 'सूर्य की पूजा के लिए।'

'...और आपका मुंह क्यों खुला है?' दूसरे चूहे ने कहा।

'हवा खाने के लिए! मैं केवल हवा खाकर जिंदा रहता हूं। मुझे खाना खाने की जरूरत नहीं पड़ती। मेरे तप का बल हवा को ही पेट में भांति-भांति के पकवानों में बदल देता है,' सियार

अब सियार की ओर से उनका सारा भय जाता रहा। वे उसके और निकट आ गए। अपनी बात का असर चूहों पर होता देख म□कार सियार दिल ही दिल में खूब हंसा। अब चूहे तपस्वी सियार के भ□त बन गए। सियार एक टांग पर खड़ा रहता और चूहे उसके चारों ओर बैठकर ढोलक, मजीरे, खड़ताल और चिमटे लेकर सियार के भजन गाते।

भजन-कीर्तन समाप्त होने के बाद चूहों की टोलियां भ□ित-रस में डूबकर अपने बिलों में घुसने लगती तो सियार सबसे बाद के तीन-चार चूहों को दबोचकर खा जाता, फिर रातभर आराम करता, सोता और डकारें लेता।

सुबह होते ही फिर वह चूहों के बिलों के पास आकर एक टांग पर खड़ा हो जाता और अपना नाटक जारी रखता। चूहों की सं□या कम होने लगी। चूहों के सरदार की नजर से यह बात छिपी नहीं रही।

एक दिन सरदार ने सियार से पूछ ही लिया, 'हे महात्मा सियार, मेरी टोली के चूहे मुझे कम होते नजर आ रहे हैं, ऐसा □यों हो रहा है?' सियार ने आशीर्वाद की मुद्रा में हाथ उठाया, 'हे चतुर मूषक, यह तो होना ही था। जो सच्चे मन से मेरी भ□ित करेगा, वह सशरीर बैकुण्ठ को जाएगा। बहुत से चूहे भ□ित का फल पा रहे हैं।'

चूहों के सरदार ने देखा कि सियार मोटा हो गया है। कहीं उसका पेट ही तो वह बैकुण्ठलोक नहीं है, जहां चूहे जा रहे हैं? चूहों के सरदार ने बाकी बचे चूहों को चेताया और स्वयं उसने दूसरे दिन सबसे बाद में बिल में घुसने का निश्चय किया।

भजन समाप्त होने के बाद चूहे बिलों में घुसे। सियार ने सबसे अंत के चूहे को दबोचना चाहा। चूहों का सरदार पहले ही चौंकन्ना था। वह दांव मारकर सियार का पंजा बचा गया।

असलियत का पता चलते ही वह उछलकर सियार की गर्दन पर चढ़ गया और उसने बाकी चूहों को हमला करने के लिए कहा। साथ ही उसने अपने दांत सियार की गर्दन में गड़ा दिए। बाकी चूहे भी सियार पर झपटे और सबने कुछ ही देर में महात्मा सियार को कंकाल सियार बना दिया। केवल उसकी हड्डियों का पिंजर बचा रह गया।

***सीख-*** *ढोंग कुछ ही दिन चलता है। ढोंगी को अपनी करनी का दुष्परिणाम भोगना पड़ता ही है।*

**-रूपा शर्मा**

# माइक्रोस्कोप

-पं.रा.

ब्राउनी गिलहरी पहली बार अपने दोस्त ब्लैकी पेंग्विन के घर गया। वहां उसने एक अजीबोगरीब यंत्र देखा।
यार ब्लैकी, क्या तुम बता सकते हो यह कौन सा यंत्र है?


ब्राउनी, इस यंत्र को माइक्रोस्कोप कहते हैं। मेरे डैडी डॉक्टर हैं और उन्होंने मुझे इस यंत्र के बारे में बहुत सारी जानकारियां दी हैं।
तो फिर मुझे बताओ न इस यंत्र के बारे में! मैं जानने के लिए बेहद उत्सुक हूं।
तो सुनो, इस यंत्र का उपयोग सूक्ष्म वस्तुओं को देखने के लिए किया जाता है। जो जीवाणु या कीटाणु हम नंगी आंखों से नहीं देख सकते। उनको इस माइक्रोस्कोप से आसानी से देखा जा सकता है। इस यंत्र से सूक्ष्म वस्तुएं एक हजार गुणा ज्यादा तक बड़ी दिखाई देती हैं। इस यंत्र का आविष्कार यूं तो वर्ष 1590 ईस्वी में हो चुका था, पर व्यापक रूप से इसका उपयोग सत्रहवीं सदी के बाद ही हुआ है।

बालहंस

इस यंत्र में दो लैंस लगे होते हैं। जिस लैंस पर हम आंखें लगाकर देखते हैं, उसे आइपीस कहते हैं। जो लैंस वस्तु के पास रहता है, उसे ऑब्जेक्टिव लैंस कहते हैं। सामान्यतया आईपीस एक ही होता है। लेकिन ऑब्जेक्टिव लैंस अलग-अलग पावर का होता है। जिस कांच के प्लेट पर वस्तु को रखा जाता है, उसे स्लाइड कहते हैं। स्लाइड को स्टील के क्लिप के सहारे अटका दिया जाता है। ताकि जांच करते समय वस्तु स्थिर रहे, हिले नहीं।
माइक्रोस्कोप की नॉब घुमाने से ऑब्जेक्टिव लैंस ऊपर से नीचे होता है। जिससे जांच के लिए रखी वस्तु पर सही फोकस करने में मदद मिलती है।

पुराने जमाने में स्लाइड के नीचे एक लैंस होता था। जो सूर्य अथवा दीपक की रोशनी को स्लाइड पर केंद्रित करता, ताकि तेज रोशनी में सूक्ष्म वस्तु अधिक स्पष्ट रूप से दिखे। आजकल के माइक्रोस्कोप में रोशनी के लिए बल्ब लगा होता है। कभी-कभी जांच के नमूनों को गहरे लाल या नीले रंग से रंगा जाता है। जिससे कि उन्हें और अधिक स्पष्टता से देखा जा सके।

माइक्रोस्कोप से देखने पर साधारण-सी दिखने वाली मक्खी की आंख भी विशालकाय जान पड़ती है।
ब्राउनी को माइक्रोस्कोप के बारे में जानकर बहुत मजा आया।
धन्यवाद ब्लैकी। माइक्रोस्कोप के बारे में तुमने आज मुझे बहुत अच्छी-अच्छी जानकारियां दीं।
(समाप्त)

गुड मॉर्निंग


कांस्टेबल पप्पू रात में अपनी ड्यूटी कर रहा था।
रात में चोर-उचक्के जरूर आएंगे...। भगवान, मुझे बचाना...!


अचानक...
छपाक...


अरे..? यह किसकी आवाज है?
बचाओ...बचाओ...


लगता है, कुएं में कोई गिर गया है। मैं देखता हूं...
बचाओ...बचाओ...

रस्सा डाल रहा हूं। उसे पकड़ लो...

अच्छी तरह पकड़ो...
जल्दी करो।

जब आदमी कुएं के किनारे पहुंचने ही वाला था।
सब-इंस्पेक्टर साहब...!!
हां, पप्पू मैं हूं!

...और अगले ही क्षण पप्पू ने सब-इंस्पेक्टर साहब को सैल्यूट किया।
आ...आ....

(समाप्त)

अफसर- आपका नाम क्या है..?
मोहन- एम.पी.,
अफसर- ठीक से पूरा बताओ...
मोहन- मोहन पाल,
अफसर- आपके पिता का नाम?
मोहन- एम.पी.,
अफसर- इसका क्या मतलब है?
मोहन- मनमोहन पाल
अफसर- आप कहां रहते हैं?
मोहन- एम.पी., सर।
अफसर- अच्छा, मध्य प्रदेश?
मोहन- नहीं सर, महाराजपुर
अफसर- ओहो! तुम्हारी क्वालिफिकेशन क्या है?
मोहन- एम.पी., सर।
अफसर- अब यह क्या है?
मोहन- मैट्रिक पास, सर।
अफसर- तुम्हें यह नौकरी क्यूं चाहिए?
मोहन- एम.पी., सर।
अफसर (गुस्से से)- अब इसका क्या मतलब है?
मोहन- मनी प्रोब्लम, सर।
अफसर- अपनी विशेषता बताओ।
मोहन- एम.पी., सर।
अफसर- अरे, साफ-साफ बताओ।
मोहन- मल्टीपरपज परसनेलिटी।
अफसर- इंटरव्यू यहीं खत्म होता है, आप जा सकते हैं।
मोहन- एम.पी., सर...?
अफसर- अब इसका क्या मतलब है...?
मोहन- माय परफारमेंस...?
अफसर (बाल नोंचते हुए)- एम.पी.!!
मोहन- यानि...?
अफसर- मेंटली पंक्चर!!

संता-तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
पप्पू- वो प्रिंसीपल का बेटा फेल हो गया!
संता- तुम्हारा?
पप्पू- वो मेजर साहब का बेटा भी फेल हो गया!
संता- तुम्हारा क्या हुआ?
पप्पू- वो डॉक्टर साहब का बेटा भी!
संता-इडियट, मैं इतनी देर से तुम्हारे बारे में पूछ रहा हूं!
पप्पू-तो आप कौन से प्रधानमंत्री हो जो आप का बेटा पास हो जाएगा!

**एक मोटे आदमी को स्कूटर की हल्की सी टक्कर लग गई। वह स्कूटर चालक पर बिगड़कर बोला- 'क्यों थोड़ा सा बचकर नहीं निकल सकते थे।'**
**स्कूटर चालक नरमाई से बोला, 'क्या करूं, पेट्रोल बहुत महंगा है, इतना लंबा चक्कर कहां तक काटता।'**

**मकान मालिक-तुम अगले महीने, दो महीने का किराया इकट्ठा कैसे चुकाओगे?**
**किराएदार-तब तक मैं घर के दरवाजे और खिड़कियों के ग्राहक ढूंढ लूंगा।**

**संता पहाड़ पर बैठकर किताब पढ़ने लगा। किसी ने पूछा, 'ये क्या कर रहे हो।'**
**संता- 'हायर स्टडी।'**

पहला गधा- यार मैं जिस धोबी के घर काम करता हूं, वो मुझे बहुत मारता हैं।
दूसरा गधा- तू घर छोड़कर भाग क्यों नहीं जाता।
पहला गधा- क्या बताऊं यार, धोबी की एक बहुत सुंदर लड़की है। वो जब भी शरारत करती है, तो धोबी कहता है कि तेरी शादी किसी गधे से कर दूंगा। बस यहीं सोच कर रुक जाता हूं।

एक बार एक कंजूस सेठ टैक्सी में जा रहा था। अचानक ड्राइवर बोला- साहब, गाडी के ब्रेक फेल हो गए हैं।
सेठ जल्दी से बोला- अरे यार पहले जल्दी से टैक्सी का मीटर बंद कर दो।

मूसलाधार बारिश हो रही थी।
बिजली चमक रही थी।
तभी एक व्यक्ति भीगता हुआ आया और दुकानदार से बोला, 'भाई साहब एक डबलरोटी का पैकेट दे दीजिए।'
दुकानदार ने पूछा, 'क्या आप शादीशुदा हैं।'
वह बोला, 'तो आप क्या समझते हैं कि इस मौसम में मेरी मां मुझे बाहर भेजेगी।'

कमला खाना बना रही थी। मांगीलाल अखबार पढ़ रहा था। वह जोर-जोर से खबर पढ़ने लगा- प्रधानमंत्री ने कहा है कि मिलावट करने वालों के प्रति कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
यह सुनते ही कमला बोली, 'मैंने तो आलू-मटर-गोभी की सब्जी मिक्स कर बनाई है। किसी से कहना मत कि मैंने मिलावट की है।'

बंता अपने मित्र से बोला , 'मेरी पत्नी को मेरा कितना ध्यान रहता है।'
रात को मैंने उससे कहा कि गर्म पानी कर दो। उसने तुरंत गर्म पानी कर दिया।
'तो क्या हुआ। पर तुमने उसे गर्म पानी करने की तकलीफ क्यों दी।'
'इसलिए कि मैं ठंडे पानी से बरतन नहीं धो सकता।'

संतो (अपनी सहेली से)- आजकल मेरे पति बड़ी देर से घर आते हैं।
बन्तो- तो तू उन्हें डांटकर रख, वो ठीक हो जाएंगे।
संतो- पर डांटू कब। जब मैं घर पहुंचती हूं तो वो सोये रहते हैं।

तीन चींटी रास्ते में बैठकर बातें कर रही थीं कि अचानक उस रास्ते से हाथी गुजरता है।
वहां बैठी एक चींटी हाथी से बोली- हाथी मुझसे कुश्ती लड़ोगे।
बाकी चींटियां बोलीं- अरे रहने दो यार बेचारा अकेला है।

बबली- कभी-कभी तुम आदमी मालूम पड़ते हो और कभी-कभी तुम्हारा व्यवहार औरतों जैसा हो जाता है। क्या बात है।
बंटी- सब पूर्वजों का दोष है। मेरे आधे पूर्वज आदमी थे और आधे स्त्री।

ग्राहक- समोसे कुछ ठीक नहीं लग रहे हैं, क्या बात है। परसों वाले तो बहुत अच्छे थे।
दुकानदार- अजी साहब, ये वही तो हैं।

शादी पर शहनाई बज रही थी। बंता ने संता से पूछा, 'ये कौन सी धुन बज रही है।'
संता बोला, 'वही जो तूफान के आने से पहले बजाई जाती है।'

अखबार वाला लड़का जोर-जोर से सड़क पर चिल्लाता हुआ जा रहा था। आज की ताजा खबर। एक छोटे से झूठ ने 125 लोगों को बेवकूफ बनाया।
राहगीर- एक अखबार देना।
अखबार वाला बच्चा आगे बढ़ गया और फिर चिल्लाया- एक छोटे से झूठ ने 126 लोगों को बेवकूफ बनाया।

# वीर पृथ्वीराज चौहान

हमारे देश में ऐसे कई वीर राजपूत राजा हुए हैं, जिनका नाम वीरता, बहादुरी और रणकौशल के लिए इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों से लिखा हुआ है। पृथ्वीराज चौहान, चौहान वंश के आखिरी राजा थे। उनका जन्म 1168 ईस्वी में अजमेर के राजा सोमेश्वर चौहान के यहां हुआ।

राजा सोमेश्वर सन् 1179 ईस्वी में हुए एक युद्ध में मारे गये।

उनके बाद तेरह वर्षीय पृथ्वीराज चौहान को अजमेर का राजा बनाया गया।

भीमदेव हमारा पहला शत्रु है।

JINGLE BELL CREATIONS

उसने मेरे पिता को मारा है। मैं उसे नहीं छोड़ सकता।

हम सिर्फ मौके की तलाश में हैं।

उधर राजा भीमदेव, राजा जेतपरनाथ की पुत्री राजकुमारी लक्षणी से विवाह करना चाहता था।
राजा जेतपरनाथ को संदेश भेजो.... या तो वह अपनी राजकुमारी का विवाह हमारे साथ कर दें, अन्यथा हम उसका वध कर उसके राज्य को हथिया लेंगे।
जैसी आपकी आज्ञा महाराज...।
लेकिन जेतपरनाथ नहीं चाहता था कि राजकुमारी का विवाह भीमदेव से हो।
यदि मैं भीमदेव की बात नहीं मानूंगा तो वह हमारे राज्य पर आक्रमण कर देगा। ऐसे में हमें क्या करना चाहिए?
केवल एक ही आदमी है, जो हमारी सहायता कर सकता है।
मुझे सहायता के लिए पृथ्वीराज चौहान से बात करनी चाहिए। वह वीर और साहसी शासक है।

पृथ्वीराज चौहान इतने बलशाली और हिम्मतवान थे कि बिना हथियार के शेर को अपने हाथों से ही मार देते थे। जेतपरनाथ ने पृथ्वीराज चौहान के बारे में ऐसी वीरतापूर्ण बातें पहले ही सुन रखी थीं।

पृथ्वीराज चौहान के महल में...

महाराज, राजा जेतपरनाथ के यहां से संदेश आया है।

हुं... ठीक है, सुनाओ...

शेरदिल, वीर महाराज पृथ्वीराज चौहान...कृपा करके मुझे गुजरात के राजा भीमदेव से बचाओ।

भीमदेव मेरे पिता का हत्यारा है। यह सही मौका है। मैं इसी का इंतजार कर रहा था।

पृथ्वीराज अपनी शक्तिशाली सेना के साथ भीमदेव से लोहा लेने के लिए रवाना हुए। दोनों तरफ की सेनाओं का सामना साबरमती नदी के किनारे हुआ। भयानक युद्ध शुरू हुआ।

बचाओ!

और अंत में, पृथ्वीराज चौहान ने भीमदेव को हरा दिया।

पृथ्वीराज चौहान युद्ध से लौटे तो महल में एक और संदेश उनका इंतजार कर रहा था।
अरे! यह संदेश तो दिल्ली से मेरे दादाजी का है।


पृथ्वीराज चौहान के दादा अनंगपाल के संदेश में लिखा था कि वह शीघ्र ही दिल्ली मिलने के लिए आये।
बेटा! अब मैं बूढ़ा हो गया हूं। अब मेरी दिल्ली पर राज करने की इच्छा नहीं है।


इसलिए, मेरी इच्छा है कि अब तुम दिल्ली की राजगद्दी संभालो।

....और इस प्रकार पृथ्वीराज चौहान ने दिल्ली की राजगद्दी संभाल ली।

पृथ्वीराज चौहान का सम्बन्धी कन्नौज का राजा जयचंद इस ताजपोशी से खुश नहीं था।

राजसूय यज्ञ की घोषणा हुई। द्वेष की भावना से राजसूय यज्ञ में शामिल होने के लिए पृथ्वीराज चौहान को भी आमंत्रित किया।

यज्ञ के आयोजन की जिम्मेदारी जयचंद के रिश्तेदार संभाल रहे थे। पृथ्वीराज चौहान को महल का मुख्य रक्षक बनाया गया।

हा...हा...

पृथ्वीराज को यज्ञ देखने तक का मौका नहीं मिला।

एक सम्राट, एक राजा को कितने विनम्र और आदर से आमंत्रित कर रहा है। वाह! क्या दृश्य है।

लेकिन, पृथ्वीराज ने दिये गये कार्य को प्रसन्नता से जारी रखा।
आपका स्वागत है महाराज...!
इसी दौरान जयचंद की पुत्री राजकुमारी संयुक्ता (संयोगिता) से पृथ्वीराज को प्रेम हो गया।
यज्ञ समाप्ति के बाद पृथ्वीराज लौट रहे थे। संयोगिता को भी वह अपने साथ घोड़े पर बैठा लाये।
इस प्रकरण के बाद जयचंद की पृथ्वीराज से दुश्मनी और ज्यादा बढ़ गई।
पृथ्वीराज को किसी भी तरह मौत के घाट उतारना है।

दिल्ली पहुंचने पर पृथ्वीराज ने अपने राज्य विस्तार के प्रयास शुरू किये।

लेकिन जयचंद के सीने में प्रतिशोध की ज्वाला धधक रही थी।

पृथ्वीराज को हराने का एक रास्ता है...

मुझे शक्तिशाली मुहम्मद गौरी को पृथ्वीराज पर आक्रमण के लिए बुलाना चाहिए।

...और इस प्रकार जयचंद और पाटन के राजा के बुलावे पर मोहम्मद गौरी पृथ्वीराज पर आक्रमण के लिए आ पहुंचा।

मुहम्मद गौरी से मुकाबला करने के लिए पृथ्वीराज चौहान के साथ अन्य राजपूत राजाओं ने भी हाथ मिला लिया।

मुहम्मद गौरी युद्ध के मैदान के मध्य
अपने रौद्ररूप में था।

चौहान राजा गोविंद राय युद्ध
कर रहा था।

वहीं रुक जाओ। अब तुम्हें मुहम्मद गौरी की शक्ति का पता चलेगा।

शक्तिशाली राजा गोविंद राय ने अपना बचाव ढाल से किया।

अगले ही क्षण गोविंद राय ने भाले से मुहम्मद गौरी पर बिजली की गति से प्रहार किया।

गौरी को युद्ध के मैदान से भगा देने के बाद पृथ्वीराज विलासितापूर्ण जीवन जीने लगा। वह अधिकतर समय संयोगिता के साथ बिताने लगा।

वह राजकाज के बारे में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा था। इसके परिणामस्वरूप राज्य के कई पदाधिकारी इसका विरोध करने लगे। कई राजा के दुश्मन भी बन गये।

उचित अवसर की प्रतीक्षा में बैठा जयचंद, पृथ्वीराज चौहान पर आक्रमण करने के लिए मुहम्मद गौरी को एक बार फिर सन् 1192 ईस्वी में आमंत्रित करता है। मुहम्मद गौरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य भयानक युद्ध होता है।

इस बार भी मुहम्मद गौरी पृथ्वीराज की शक्ति का सामना नहीं कर पाता और युद्ध मैदान से भाग खड़ा होता है।

जीत की खुशी में उस रात शिविर में पृथ्वीराज गहरी नींद में सोया था। उसी दौरान मुहम्मद गौरी के सैनिकों ने पृथ्वीराज के शिविर में चुपके से प्रवेश किया।

पृथ्वीराज और उसके आत्मीय मित्र चंद बरदाई को मुहम्मद गौरी के सैनिकों ने गिरफ्तार कर लिया। निर्दयी मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज की दोनों आंखें निकाल लीं।

पृथ्वीराज तुम बहुत बड़े धनुर्धारी हो ना। तुम तो आवाज की दिशा में तीर चला कर शिकार कर लेते हो? अब मैं देखता हूं तुम्हारी योग्यता कितनी है?

हा...हा... तुमने मुझे एक बार पकड़ा था... और बाद में छोड़ दिया था। मैं ऐसी गलती नहीं करूंगा।
हुं...अब तुम मुझे अपनी धनुर्विद्या दिखलाओ।
ठीक है... तुम्हारी इच्छा पूरी करता हूं।
वहां उपस्थित भीड़ भी पृथ्वीराज की आवाज की दिशा में तीर चलाकर निशाना साधने की कला को देखने के लिए उत्सुक थी।
इसके बाद, पृथ्वीराज के मित्र कवि चंद बरदाई ने एक कविता गाना शुरू किया।

कविता का अर्थ था-पूरा मैदान लोगों से भरा हुआ है...मुहम्मद गौरी रत्नजड़ित स्वर्ण-निर्मित सिंहासन पर पूर्व दिशा में बैठा हुआ है.....

बहुत बढ़िया...!

उसी क्षण, पृथ्वीराज चौहान का हवा में सनसनाता हुआ एक तीर गौरी की तरफ आया...

गौरी चीखता-चिल्लाता हुआ गिर गया।

...पृथ्वीराज चौहान और चंद बरदाई ने एक-दूसरे पर तलवारों से प्रहार कर लिया।
इतिहास कभी भी इन वीर पुरुषों की देशभक्ति को नहीं भूल सकता। आज भी इनकी वीर गाथाएं जन-जन के मध्य सुनायी जाती हैं, और सुनाई जाती रहेंगी।

(समाप्त)

# कोशिश तो कर

-राजेश गुजर

नदी किनारे पेड़ पर बैठा एक तोता यह सब देख रहा था। इल्ली मुसीबत में है, इसकी मदद करनी चाहिए।

मैं एक पत्ता तोड़कर नदी में गिरा देता हूं। वह उस पर बैठकर किनारे लग जाएगी।

तोता पत्ता तोड़कर नदी में गिरा देता है।

इल्ली ने यह देख लिया।

इल्ली पत्ते को देखकर उस पर बैठ जाती है। कुछ ही समय में वह पत्ता किनारे लग गया और इल्ली किनारे आ गई।

संकट में हिम्मत रखने और बार-बार कोशिश करने से सफलता मिलती है। ईश्वर किसी भी बहाने उसकी मदद करते हैं।

# ऐसे बना घोड़ा पालतू

कथा : कुमार मोहनचलम
आर्ट : देवप्रकाश

एक बार एक स्वार्थी घोड़ा घास चर रहा था, तभी...

वह हिरण वहां रोज आने लगा और घोड़े का क्रोध बढ़ता ही गया।

घोड़ा एक दिन एक मनुष्य के पास पहुंचा।

लेकिन हिरण मुझे देखते ही तेजी से भाग जाएगा।
आप मेरी पीठ पर बैठ जाएं।


लेकिन मैं गिर जाऊंगा।
आप मेरे गले और पीठ पर रस्सी बांधकर बैठ जाएं।


शिकारी ने ऐसा ही किया।


अरे वाह! तुम तो तेज भाग सकते हो?
अब मुझे हिरण के पास ले चलो।


शिकारी मनुष्य को देखते ही हिरण भाग लिया।


घोड़े पर सवार मनुष्य ने उसका पीछा किया।

लेकिन मनुष्य ने घोड़े को नहीं छोड़ा।

इस तरह स्वार्थी घोड़ा हमेशा के लिए मनुष्य का दास बन गया।

*सीख– यदि तुम दूसरों का अहित करोगे तो तुम्हारा अहित पहले होगा।*

(समाप्त)

# भूटान

**प्राकृतिक** सुंदरता और विविधता के मामले में यह देश बेहद समृद्ध है। दूर से ही नजर आने वाली बड़ी पहाड़ियां, हरे-घने जंगल, मनोरम घाटियां, पुराने समय के अवशेष और अपने आप में अलग सभ्यता। ये सब इस छोटे से धर्म-शासित देश को पर्यटन के क्षेत्र में काफी ऊंचा स्थान देते हैं। यहां तमाम तरह के मेडिसिनल पौधे भी पाए जाते हैं।

**थिंपू-** देश की राजधानी थिंपू इसी नाम की नदी की घाटी में बसा शहर है। इस शहर की दिलचस्प बात यह है कि इस शहर में कोई ट्रैफिक सिग्नल नहीं है। यहां आप भूटान की पुरानी स□यता देख सकते हैं। स्कूल ऑफ आर्ट एंड क्रा□ट, चंगलिमिथंग स्टेडियम और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन इस शहर के नए टूरिस्ट स्पॉट्स हैं। दुनिया की सबसे छोटी राजधानी कहे जाने वाले इस शहर को देखते ही भूटान के कल्चर और ट्रेडिशन का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस शहर के पास जहां आपको देने के लिए ट्रैकिंग, रिवर रा□टंग, हाइकिंग के रोमांच हैं, तो यहां की शॉपिंग भी आप खूब एंजॉय करेंगे।

**पेरो-** हवाई यात्रा के जरिए आने वाले लोगों की भूटान से पहली मुलाकात इसी शहर के जरिए होती है। देश के पश्चिमी हिस्से में स्थित इस शहर के खूबसूरत प्राकृतिक नजारे पहली नजर में ही अपने मोहपाश में बांध लेते हैं। यहां की ऐतिहासिक इमारतें और गांवों में लकड़ी के बने घर भी दिलचस्प नजारा पेश करते हैं। शहर की पेरो नदी के पास की पहाड़ियों के पास बना है रिंपंग जोंग, जिसे पेरो जोंग भी कहा जाता है। यहां से कुछ दूरी पर ता जोंग है। इस पुराने वॉच टॉवर में नेशनल □यूजियम बना है। इसी के पास तक्षांग मोनेस्ट्री बनी है। पास ही भूटान का तीर्थस्थल काइचू ल्याखंग है। इसी के पास त□तसंग नाम का एक और तीर्थ स्थान है। जहां भूटान का हर निवासी जिंदगी में कम से कम एक बार जाने की □वाहिश जरूर रखता है।

**त्रोंग्सा-** भूटान के बीचोंबीच स्थित त्रोंग्सा का खासा ऐतिहासिक मह□व है। देश के पहले राजा उग्येन वांचुक और उनके उ□राधिकारी जिग्मे वांचुक का राजकाज यहीं के पुराने जोंग से चलता था। त्रोंग्सा जोंग दरअसल, कई मंदिरों, गलियारों व ऑफिसों वाला भव्य किला है। इसके बीच में ही कोर्ट भी बना हुआ है। त्रोंग्सा

***भूमथंग***– इसे भूटान का आध्यात्मिक केन्द्र कहा जा सकता है। भूटान के अधिकतर पुराने बौद्ध मंदिर यहीं बने हुए हैं। यहां कई मह□वपूर्ण जोंग, मंदिर और महल हैं। राजमहल, जंबे लखांग का मंदिर, कुर्जे लखांग की गुफा और भूटान का सबसे बड़ा जोंग, जकार यहीं बने हुए हैं।

## सैर सपाटा

**फा□जका–** इस घाटी को कंजर्वेशन एरिया के तहत गिना जाता है। यह भूटान के वाइल्डलाइफ प्रिजर्व, □लैक माउंटेन नेशनल पार्क के बॉर्डर पर बनी है। यहां आप काली गर्दन वाले उन सारसों को भी देख सकते हैं, जिनकी प्रजाति लुप्त होने की कगार पर है। वैसे, भूटान की लोक-कथाओं में इन सारसों का मह□वपूर्ण स्थान है। इन्हें देखना वाकई एक अलग अनुभव है। इसके अलावा, इस क्षेत्र में तमाम तरह के वन्य जीव जैस हिरण, हिमालय में पाए जाने वाले काले भालू, तेंदुआ, लाल लोमड़ियों को देखा जा

# खोज-बीन

| दा | ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | भा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | रो | अ | ब्दु | ल | ग | फू | र | न्हा | ग |
| म | कृ | गा | ह | पे | वी | नू | सि | ब | व |
| सुं | चं | दं | प्र | दे | ड़ा | ण | व | बे | त |
| द | रे | द्र | ड़ी | सा | य | का | दु | अं | झा |
| र | प | ब | शे | रा | द | री | ढ़ | जा | आ |
| दा | रा | पा | ना | ख | श्व | रा | तू | ड | जा |
| स | फ | द्र | म | दे | र | रू | य | की | द |
| अ | त्यें | भा | बिं | व | त | सिं | आ | उ | फ |
| स | ज | ग | न्ना | थ | मि | श्र | ह | री | जा |

## कैसे हल करें

इस ग्रिड में बिहार के 10 पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम दिए गए हैं। नाम बाएं से दाएं, ऊपर से नीचे और तिरछे हो सकते हैं।

| ख | म | ज | रू | ह | सु | ल्ता | न | पु | री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी | अ | जा | ऋ | षि | के | श | मु | ख | र्जी |
| आ | य | श | चो | प | ड़ा | नू | ध | ब | ती |
| र | प्र | के | र | म | शि | ज | झी | व | हा |
| चो | रे | दे | भ | रं | वा | प्र | ग | दि | ले |
| प | प | व | वि | जि | जी | भा | दी | ली | आ |
| ड़ा | र | आ | र | बे | ग | क | तू | प | शा |
| फ | घी | नं | म | का | णे | के | र | कु | भों |
| अ | खा | द | र | पू | श | जा | ह | मा | स |
| रा | ज | कु | मा | र | न | म | धा | र | ले |

## कैसे हल करें

इस ग्रिड में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित 10 फिल्म हस्तियों के नाम दिए गए हैं। नाम बाएं से दाएं, ऊपर से नीचे और तिरछे हो सकते हैं।

## बूझो तो...!

1. सुबह, दोपहर शाम को
मैं लोगों को भाती।
सब्जी के संग मेल है
आदि कटे तो पाती।

2. लख से मेरा नाम है
हूं नवाबों का शहर।
राजधानी एक राज्य की
नहीं मैं कोई गैर।

3. एक किले के लाख द्वार
नहीं किसी के कोई कपाट।
फिर भी कोई घुस न पाए
राजा सोए डाल के खाट।

4. दिन में चलती, रात को चलती
नहीं करती कभी आराम।
सब उसको हैं देखा करते
दीवार पर उसका धाम।

5. इधर की बात उधर मैं करता
उधर की इधर बताता।
चुगलखोर पर कहे न कोई
सबके काम मैं आता।

6 . कहलाता तो हूं मैं चूल्हा
पर अजब है मेरा रूप।
तेल, गैस न लकड़ी मांगू
मुझे तो चाहिए धूप।

**उत्तर**

1. चपाती
2. लखनऊ
3. मच्छरदानी
4. दीवार घड़ी
5. टेलीफोन
6. सौर चूल्हा

Illusion

# Super hero Qotes

Don't just hope for the best.
Be active in shaping the future!
Be a Superhero!!

"SOMETIMES BEING A BROTHER IS EVEN BETTER THAN BEING A SUPERHERO"

"HEROES ARE MADE BY THE PATHS THEY CHOOSE, NOT THE POWERS THEY ARE GRACED WITH."

*बच्चो, तुहें रोजाना अपने घर-स्कूल में अंग्रेजी बोलना चाहिए। इससे अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ तो बनेगी ही, साथ ही तुहारी अंग्रेजी बोलने में होने वाली हिचकिचाहट भी दूर होगी और कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। यहां तुहें रोजाना घर-बाहर बातचीत में काम में आने वाले वाय दिए जा रहे हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और*

क. आप कहां जाना चाहेंगे?
Where would you like to go?
वेअर वुड यू लाइक टु गो?

ख. उसका कितना खर्चा होगा?
How much will it cost?
हाउ मच विल इट कोस्ट?

ग. कृपया, मीटर चालू कर दें।
Please switch the meter on.
प्लीज स्विच द मीटर ऑन।

घ. यह यात्रा कितना समय लेगी?
How long will the journey take?
हाउ लांग विल द जर्नी टेक?

ड. या आपको बुरा लगेगा, अगर मैं ये खिड़की खोलूं तो?
Do you mind, if I open the window?
डू यू माइंड, इफ आई ओपन द विंडो?

च. टिकट कार्यालय कहां है?
Where's the ticket office?
व्हेअर'स, द टिकट ऑफिस?

छ. या हम लगभग पहुंच गये हैं?
Are we almost there?
आर वी आलमोस्ट देअर?

ज. या आप मेरे लिए यहां इंतजार कर सकते हैं?
Could you wait for me here?
कुड यू वेट फोर मी हिअर?

झ. या आपको रसीद चाहिए?
Would you like a receipt?
वुड यू लाइक अ रिसीट?

ञ. या मुझे रसीद मिल सकती है, कृपया?
Could I have a receipt, please?
कुड आई हैव अ रिसीट, प्लीज?

## Antonyms

| | |
|---|---|
| There-वहां | Here-यहां |
| Thick-मोटा | Thin-पतला |
| Throw-फेंकना | Catch-पकड़ना |
| Tight-सत | Loose-ढीला |
| Tiny-छोटा | Giant-विशाल |

## Word-Power

- Prior-महन्त, पूर्व गामी — Substance-धन, सार
- Congregation- समागम — Adequate- पर्याप्त
- Legislation-कानून — Assume-मानना, अपनाना
- Wright-रचयिता, कारीगर — Precision-यथार्थता, शुद्धता

## English-Hindi Phrases

Cited above- ऊपर वर्णित।

Cease to hold office- पद पर न रहना।

Charge assumption of- कार्यभार ग्रहण।

Charge handed over- कार्यभार सौंप दिया।

Checked and found correct- जांच की और ठीक पाया।

## Synonyms

Wrong- गलत
Incorrect,
Inaccurate,
Mistaken,
Erroneous,
Improper,
Unsuitable

(अगले अंक में जारी)

तितली अपने पैरों से स्वाद का पता लगाती है।

धरती पर जितना भार सारी चींटियों का है, उतना ही सारे मनुष्यों का है।

वर्ष 1894 में जो सबसे पहला कैमरा बना था, उससे आपको अपनी फोटो खींचने के लिए उसके सामने 8 घंटे तक बैठना पड़ेगा।

एवरेस्ट से भी ऊंची पर्वत चोटी मोनोकोआ की है। पानी में डूबे इस पर्वत की ऊंचाई 33476 फीट है।

ब्लू व्हेल एक सांस में 2000 गुब्बारों जितनी हवा खींचती है और बाहर निकालती है।

मछलियों की याददाश्त सिर्फ कुछ सैकंड की होती है।

ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।

पैराशूट की खोज हवाईजहाज से एक सदी पहले हुई थी।

